दिन– रविवार दिनांक– 12 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की घोषणा की। भाजपा और जदयू एक सौ एक – एक सौ एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

02 लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास उनतीस सीटों पर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह सीटों पर और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

03. महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा– घटक दलों के बीच बातचीत जारी।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह अक्टूबर को नमो ऐप के जरिए बिहार भाजपा के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

---

एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी है। चुनाव में भाजपा और जदयू एक सौ एक – एक सौ एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास उनतीस सीटों पर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह सीटों पर और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। श्री तावड़े ने बताया कि एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूरा किया है और एकजुट होकर चुनाव में उतरेंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने कहा कि सीटों के वितरण से वे पूरी तरह सहमत हैं और पार्टी को सम्मानजनक सीट दी गई है।

–––बाइट–––

इधर, कांग्रेस नेता मनोज कुमार ने मांझी को छह सीटें दिए जाने पर कहा कि एनडीए ने मांझी समाज का अपमान किया है।

–––बाइट–––

---

भाजपा में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक चल रही है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह अक्टूबर को नमो ऐप के जरिए बिहार भाजपा के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का नाम **मेरा बूथ सबसे मजबूत** दिया गया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से इसमें भाग लेने का अनुरोध किया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुनाव में पूरे जोश के साथ काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

---

महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर कोई अंतिम फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। राजद, कांग्रेस, वीआईपी और वामपंथी दलों के नेताओं के बीच सीटों को लेकर कई दौर की बातचीत हुयी है। दिल्ली हवाई अड्डे पर महागठबंधन में सीटों के बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि अभी घटक दलों से बातचीत चल रही है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता और सचेतक भाई वीरेंद्र ने कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक है और सीटों की जल्द ही घोषणा कर दी जाएगी।

———बाइट———

वहीं, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि चुनाव में उनकी पार्टी गठबंधन के साथ लड़ेगी या अकेले चुनाव में उतरेगी, इसका फैसला एक–दो दिन में करेंगे।

---

जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने दावा किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद को इस बार दो हजार दस के चुनाव से भी कम सीटें मिलेंगी। श्री प्रसाद ने आज पटना में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा है। एनडीए के सभी घटक दल एकजुट हैं और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर राज्य में सरकार बनेगी।

———बाइट———

---

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच राजनीतिक दलों के नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला लगातार जारी है। राजद के दो विधायकों नवादा जिले की विधायक विभा देवी और रजौली से विधायक प्रकाश वीर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। विभा देवी राज्य के पूर्व मंत्री और नवादा के पूर्व विधायक राजवल्लभ यादव की पत्नी हैं। दोनों के राजग के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। इस्तीफे के बाद संवाददाताओं से बातचीत में विभा देवी ने आरोप लगाया कि उन्हें राजद में सम्मान नहीं मिला।

———बाइट———

पिछले दिनों गयाजी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में विभा देवी और प्रकाश वीर को एक साथ मंच पर देखा गया था। इससे पहले राजद के शिवहर से विधायक चेतन आनंद, भभुआ के राजद विधायक भरत बिंद और मोहनिया से संगीता कुमारी ने इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस के मुरारी गौतम, भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव और जदयू विधायक गोपाल मंडल भी अपनी पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इधर, पहले चरण के तहत होने वाले विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम और वीवीपैट आवंटित कर दिया गया है। आयोग के निर्देश पर पहले चरण के चुनाव से संबंधित जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की ओर से राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में ग्यारह नवम्बर को बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। दूसरे चरण के लिए प्रत्याशी बीस अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इक्कीस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, तेईस अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं।

---

चुनाव आयोग ने विधानसभा के दूसरे चरण के तहत होने वाले एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है। आयोग ने कहा है कि अब मतदाता सूची में कोई बदलाव और संशोधन नहीं होगा। दूसरे चरण के तहत होने वाले क्षेत्रों में चुनाव परिणाम आने के बाद ही किसी के नाम जोड़े या संशोधित किये जायेंगे।

---

दूसरे चरण के तहत अररिया जिला के छह विधानसभा क्षेत्रों में कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने आज अररिया और फारबिसगंज में नामांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने केन्द्रों पर बैरिकेडिंग, मूलभूत सुविधाएं और निर्वाची पदाधिकारी कक्ष सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया।

---

गोपालगंज में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन कार्य पूरा हो गया है। इस दौरान जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों बैकुंठपुर, बरौली, गोपालगंज, कुचायकोट, भोरे और हथुआ के लिए आवश्यक संख्या में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद शेखपुरा जिला में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का पहला मामला दर्ज किया गया है। यह मामला जिले के शेखोपुरसराय थाना के महानंदपुर मोड़ के पास यात्री शेड में लगे पोस्टर को नहीं हटाने को लेकर दर्ज किया गया है।

---

दरभंगा समाहरणालय में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर स्वीप कोषांग की बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महिला सुपरवाईजर को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करें।

---

कटिहार के सात विधानसभा क्षेत्रों में कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों प्राणपुर, बरारी, कटिहार, कदवा, कोढ़ा, बलरामपुर और मनिहारी में नामांकन प्रक्रिया की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

---

पटना जिला प्रशासन ने मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज जे.पी. गंगा पथ स्थित गोलम्बर से कृष्णा घाट तक साईकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली में पटना के आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, एनसीसी कैडेट्स और छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

---

भोजपुर, सीवान, मधेपुरा, लखीसराय, नालंदा, मधुबनी, सुपौल, बेतिया और मुजफ्फरपुर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, रैली और रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

---

नवादा के वरिष्ठ साहित्यकार राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर ने कहा है कि पहले और वर्तमान समय में होने वाले चुनावों में काफी अंतर आ गया है। पहले उम्मीदवारों ओर वोटरों की संख्या कम होती थी। आकाशवाणी से बातचीत में श्री रत्नाकर ने कहा कि बैलेट पेपर की जगह ईवीएम से चुनाव कराना अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी है।

———बाइट———

---

जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में कल होने वाली सुनवाई के लिए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव आज दिल्ली पहुंचे। उल्लेखनीय है

कि सीबीआई की विशेष अदालत ने पच्चीस अगस्त को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

---

शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से नामांकन और परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

एनवीएस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपीआई अपनाने के लिए जोर दिया है। यह कदम विधायी, नीतिगत और संस्थागत सुधारों के माध्यम से जीवन और स्कूली शिक्षा में आसानी को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाने से पारदर्शिता और अभिभावकों के लिए स्कूल जाए बिना भुगतान करने में सहजता होगी। यह पहल डिजिटल रूप से सशक्त और समावेशी शिक्षा प्रणाली के दृष्टिकोण के अनुरूप, हितधारकों को डिजिटल लेनदेन से परिचित करायेगा। मंत्रालय ने इस बात पर ज़ोर दिया नकद भुगतान से डिजिटल भुगतान में बदलाव से स्कूल प्रशासन का आधुनिकीकरण होगा और 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य को बल मिलेगा। समाचार कक्ष से भूपेंद्र सिंह।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की घोषणा की। भाजपा और जदयू एक सौ एक – एक सौ एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

02 लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास उनतीस सीटों पर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह सीटों पर और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

03. महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा– घटक दलों के बीच बातचीत जारी।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह अक्टूबर को नमो ऐप के जरिए बिहार भाजपा के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।